## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 22.07.2025**

- **थाना देवराहट पुलिस द्वारा 36 घण्टे के अन्दर गोकशी की घटना कारित करने वाले 01 नफर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अदद मिस कारतूस 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 380 रूपये हुए बरामद।**
- **अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों पर 06 अभियोग हैं पंजीकृत।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, आज दिनांक 22.07.2025 की रात्रि में थाना देवराहट पुलिस टीम मु0अ0स0 25/2025 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्त चाँदबाबू पुत्र जहीर निवासी ग्राम चाँदापुर, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात की सुरागरसी पतारसी में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भलार में मामूर थी कि जरिए मुखबिर खास सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 20.07.2025 को गोकशी की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त चाँदबाबू उपरोक्त गिरफ्तारी से बचने के लिये ग्राम रसूलपुर के जंगल में छिपता हुआ घूम रहा है। उक्त सूचना पर विश्वास कर थाना देवराहट पुलिस टीम अभियुक्त चाँदबाबू उपरोक्त की तलाश में ग्राम रसूलपुर के जंगल की तरफ गई। क्षेत्राधिकारी महोदय भोगनीपुर के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक भोगनीपुर मय पुलिस बल के मौके पर आ गए। मुखबिर दूर से इशारा करके वापस चला गया। थाना देवराहट पुलिस टीम और थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर अभियुक्त को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गयी, तो पुलिस वालों को देखते ही चाँद बाबू उपरोक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिससे थाना भोगनीपुर का एक सिपाही गुलशन यादव घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त चाँदबाबू उपरोक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी पुखराया भिजवाया गया। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। जिनके द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साक्ष्यों/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 109(1) बीएनएस तथा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई। अभियुक्त चाँद बाबू उपरोक्त थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत गैंगस्टर के अभियोग में भी वांछित था तथा इसके विरुद्ध जनपद में कुल 06 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सीएचसी पुखराया पहुंचकर घायल पुलिसकर्मी से उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गयी एवं अभियुक्त से पूंछताछ की गयी व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -**

1. चाँदबाबू पुत्र जहीर निवासी चांदापुर, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त चाँदबाबू उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 20.07.2025 को थाना देवराहट के ग्राम प्रेमपुर में भट्ठा के पास जंगलो में अपने साथियों लाल मोहम्मद पुत्र स्व0 बाकर हुसैन व उसके पुत्र सनी व उसके साले मोबीन उर्फ गोवर्धन पुत्र स्व0 छोटे खाँ निवासी ग्राम बरौली, थाना देवराहट, कानपुर देहात के साथ मिलकर गोकशी की थी। जब मुझे जानकारी हुई कि गोकशी के सम्बन्ध में थाना देवराहट में मेरे विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है तभी से मै गिरफ्तारी से बचने के लिये रसूलपुर गाँव के जंगल में छुपा हुआ था और अपनी सुरक्षा के लिये साथ में एक नाजायज तंमचा रखे हुये था। जब आप लोगों को मैने अपने करीब आते देखा तो पकड़े जाने के डर से मैने आप लोगों पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी कि यदि कोई पुलिस वाला गोली से मर जाएगा तो पुलिस पीछे हट जायेगी और मै भागने में सफल हो जाऊंगा लेकिन मेरे पैर में गोली लग जाने के कारण भाग नहीं पाया और आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

**बरामदगी का विवरण –**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 380 रूपये बरामद हुए।

**अभियुक्त चाँदबाबू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 1082/17 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 142/20 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 102/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
4. मु0अ0सं0 131/21 धारा 3(1) गैगस्टर अधि0, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
5. मु0अ0सं0 150/21 धारा 3(1) गैगस्टर अधि0, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
6. मु0अ0स0 25/2025 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0, थाना देवराहट, जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना देवराहट पुलिस टीम और थाना भोगनीपुर पुलिस टीम।